# WWW.RAKESHMGS.IN

## (No Compromise with Quality Education)

Address – Mughalsarai Uttar Pradesh INDIA


WhatsApp - 7526010668 (Only WhatsApp Don't Call)

E-Mail - rakeshmgs.in@gmail.com

Director - **Rakesh Kumar (Vishwakarma)**

Rakesh Mgs RM www.RakeshMgs.in

# INTRODUCTION TO POWERPOINT USER INTERFACE




www.RakeshMgs.in


1. **Office Button** इस ऑप्शन के अंदर नई ब्लैंक पेज लेने, बने हुए फाइल को ओपन, सेव करने से सम्बंधित ऑप्शन होता है। यही ऑप्शन 2010-2016 वाले version में File Menu में स्थित है। ऑफिस बटन की सभी ऑप्शन आपको निचे दिए जाएंगे।
2. **Quick Access Toolbar** इस टूलबार में कोई भी ऑप्शन को add (जोड़ कर सकते है। जिस ( ऑप्शन को इसमें जोड़ना हो उस ऑप्शन पर माउस का राइट क्लिक करके Add to Quick Access Toolbar पर क्लिक कर देना है। इसका फायदा यह है जब आप किसी ऐसे ऑप्शन के बार बार जरूरत पड़ती है जिसे लेने के लिए मेनू के अंदर जाना पड़ता है उस समय आप इसे इस्तेमाल करेंगे तो आपको किसी मेनू के अंदर जाना नहीं पड़ेगा बल्कि एक क्लिक करना होगा।
3. **Title Bar** यह भाग सॉफ्टवेयर के सबसे ऊपर वाली लाइन को टाइटल बार कहते है। इसमें आपके फाइल का नाम शो होता है। जो आप सेव किये रहते है।
4. **Minimize / Maximize / Close**
   i. **Minimize** इसके मदद से आप खुले हुए MS वर्ड को मिनीमाइज कर (छिपा) सकते है।
   ii. **Maximize** इसके मदद से खुले हुए विंडो को बड़ा करने के लिए प्रयोग करते है। जब यह किसी तरह छोटा हो जाता है या गलती से maximize पर क्लिक हो जाता है तब स्क्रीन

छोटा हो जाता है उस समय maximize पर क्लिक करने पर पुनः अपने पूर्ण साइज में आ जाता है।

iii. **Close** Ms वर्ड को बंद करने के लिए प्रयोग है।


5. **Menu Bar** इस बार में Ms वर्ड का सभी मेनू मौजूद होती है। जिसमे फॉर्मेट मेनू और डेवलपर मेनू हाईड होती है। जो की किसी पिक्चर या शेप को क्लिक करने पर फॉर्मेट मेनू दिखने लगता है। लेकिन डेवलपर मेनू को वर्ड ऑप्शन में जाकर पॉपुलर टैब से शो कराया जाता है।
6. **Ribbon** इसमें सभी टूल्स मौजूद होते है। जिसमे फॉण्ट, पैराग्राफ, स्टाइल से सम्बंधित टूल्स होते है।
   - **Note मेनू के चयन के अनुसार यह बदलता है।**
7. **Slide** यह आपके सभी स्लाइड का छोटा छोटा इमेज के रूप में दिखाई देता है जिसे थंबनेल भी कहा जाता है।
8. **Working Page** यह आपका पेज है जिसपर आप काम करते है।
9. **Scroll bar** इसके मदद से पेज को ऊपर निचे करने के लिए प्रयोग करते है, जब आपके पेज का विड्थ बढ़ता है तब हॉरिजॉन्टल स्क्रॉल बार भी दिखने लगता है जिससे अपने पेज को दाएं तथा बाएँ करने के लिए प्रयोग करते है।
10. **Status Bar** इसमें आपको व्यू स्टाइल, तथा ज़ूम इन ज़ूम आउट करने लिए ऑप्शन मिलेंगे।

## DESCRIPTION OF OFFICE BUTTON




1. **New Ctrl+N** इस Option का प्रयोग नये ब्लेंक डॉक्यूमेंट को लाने के लिए किया जाता हैं।
2. **Open Ctrl+O** इस Option का प्रयोग पुरानी फाइलो को या पहले से Save फाइलों को Open (खोलने) के लिए किया जाता हैं।
3. **Save Ctrl+S** इस Option का प्रयोग Current File को Save (सुरक्षित) करने के लिए किया जाता हैं।
4. **Save as F12** इस Option का प्रयोग Save की गयी File को दूसरे नाम से किसी दूसरी ड्राइव में Save करने के लिए किया जाता हैं।
5. **Print Ctrl+P** इस Option का प्रयोग तैयार किये गये पेज को प्रिंट करने के लिए किया जाता हैं।
6. **Prepare** इसमें आपको प्रॉपर्टीज, एंक्रिप्शन, और डिजिटल सिग्नेचर जैसे ऑप्शन मिलेंगे।
7. **Send** वर्तमान फाइल को भेजने के लिए प्रयोग करते है।
8. **Publish** इंटरनेट अथवा सर्वर पर पब्लिश करने के लिए प्रयोग करते है।
9. **Close** खुले हुए वर्तमान पेज को बंद करने के लिए प्रयोग करते है।

## DESCRIPTION OF HOME MENU




1 **Clipboard** इस ऑप्शन के अंतर्गत कट कॉपी पेस्ट और फॉर्मेट पेंटर मौजूद है जिसमें इनका अलग-अलग कार्य है जोकि निचे विस्तार पूर्वक पढ़ सकते है।

1. **Cut** कट इसके माध्यम से किसी भी टेक्स्ट, पिक्चर या शेप को कट करके क्लिपबोर्ड में रखा जा सकता है जिसको पेस्ट करके एमएस पॉवरपॉइंट में इंसर्ट किया जा सकता है कट किया हुआ शेप पिक्चर या टेक्स्ट सिलेक्ट रहना चाहिए और यह कट करने पर वहां से हटकर क्लिपबोर्ड में चला जाता है।
2. **Copy** किसी भी टेक्स्ट सेप या पिक्चर को कॉपी करने से पहले सिलेक्ट रहना चाहिए जिसे कॉपी करने पर क्लिपबोर्ड में चला जाता है और यह पेज पर भी मौजूद रहता है और आपके क्लिपबोर्ड में भी आ जाता है जिसे पेस्ट के दौरान पेज पर लाया जाता है।
3. **Paste** उपरोक्त कट या कॉपी किया हुआ कोई भी टेक्स्ट पिक्चर या सेप टेस्ट करने के लिए प्रयोग किया जाता है पेस्ट के अंदर **पेस्ट स्पेशल** भी मौजूद है जो किसी अन्य सॉफ्टवेयर से कॉपी किया हुआ कोई भी ऑब्जेक्ट टेक्स्ट या सेप पेस्ट किया जाता है **पेस्ट अस हाइपरलिंक** हाइपरलिंक की तरह पेस्ट करने के लिए प्रयोग किया जाता है।
4. **Format Painter** फॉर्मेट पेंटर ऐसा टूल है जो बहुत ही उपयोगी होता है इसके माध्यम से सिर्फ टेक्स्ट के अंदर फॉर्मेटिंग को कॉपी करने के लिए प्रयोग किया जाता है जिससे आपकी काम करने की स्पीड बढ़ जाती है। इसमें यदि आपको बार-बार किसी टेक्स्ट को एक ही तरह करने के लिए फॉन्ट बदलना पड़ता हो कलर चेंज करना पड़ता हो साइज बदलना पड़ता हो तो ऐसे स्थित में मुक्ति पा सकते हैं जिस फॉर्मेट में आपको सभी टेक्स्ट करना हो या कुछ ही हिस्सा करना हो तो पहले जिस तरह का करना हो उसे थोड़ा सा सिलेक्ट करने के बाद फॉर्मेट पेंटर पर क्लिक करना है। जैसे ही क्लिक करते है आप कर्सर एक ब्रश की तरह बन जाएगा और टेक्स्ट सेलेक्ट करने पर सेम वैसे ही फॉर्मेट सिलेक्शन किए हुए टेक्स्ट पर आ जाएगा।

www.RakeshMgs.in

2 **Font Group** फोंट डायलॉग बॉक्स के अंतर्गत फोंट बदलने फोंट स्टाइल जैसी बोल्ड इटैलिक अंडरलाइन करने फोंट का साइज बढ़ाने घटाने फोंट कलर बदलने और अंडर लाइन कलर बदलने के लिए ऑप्शन दिया हुआ है। जिसे आप विस्तारपूर्वक निचे पढ़ सकते है।

- **Font** इसकी मदद से सेलेक्ट किया हुआ टेक्स्ट या पैराग्राफ का स्टाइल बदलने के लिए प्रयोग करते हैं।
- **Font Size** इसका प्रयोग टेक्स्ट की साइज को छोटा और बड़ा करने के लिए प्रयोग करते हैं अगर किसी सिंगल पैराग्राफ या वर्ड को छोटा था बड़ा करने के लिए प्रयोग करना चाहते हैं तो पहले उसे सेलेक्ट अवस्था में कर ले उसके बाद ही फोंट साइज बदले।
- **Bold** Ctrl+B सेलेक्ट किए हुए टेक्स्ट को मोटा करने के लिए प्रयोग करते हैं।
- ***Italic* Ctrl+I** सेलेक्ट किए हुए टेक्स्ट को तिरछा करने के लिए प्रयोग करते हैं।
- **Underline Ctrl+U** सेलेक्ट किए हुए टेक्स्ट को अंडरलाइन करने के लिए प्रयोग करते हैं।
- **Strikethrough** इसके माध्यम से आप सेलेक्ट किये हुए टेक्स्ट के बिच में एक क्रोस लाइन लगाने के लिए प्रयोग करते है।
- **Text Shadow** इसके माध्यम से सेलेक्ट किये हुए टेक्स्ट पर Shadow (परछाई) इफ़ेक्ट देने के लिए प्रयोग करते है।
- **Character Spacing** इसके माध्यम से आप अपने लिखे हुए करैक्टर की बिच स्पेस बढाने के लिए प्रयोग करते है, पैराग्राफ स्पेसिंग में दो पैराग्राफ के बिच में स्पेस होता है लेकिन इसमें सभी एक एक कैरक्टर के बिच में स्पेसिंग बढ़ता है।
- **Change Case** इसकी मदद से सिलेक्ट किए हुए टेक्स्ट को **Sentence case, lower case, UPPER CASE, Capitalize Each Word** और **tOGGLE cASE** में करने के लिए प्रयोग करते हैं।
- **Font Color** इसके मदद से सेलेक्ट किए हुए टेक्स्ट या पैराग्राफ को किसी भी रंग में करने के लिए प्रयोग करते हैं।

www.RakeshMgs.in

3 **Paragraph** पैराग्राफ डायलॉग के अंदर इंडेंट, स्पेसिंग टेक्स्ट डायरेक्शन ऑप्शन मौजूद है जिसमे आप पैराग्राफ से सम्बंधित सेटिंग कर सकते है। जैसे एलाइनमेंट पैराग्राफ स्पेसिंग आदि जिसे आप विस्तार पूर्वक निचे पढ़ सकते है।

- **Bullet and Numbering** बुलेट और नंबरिंग लगाने के लिए प्रयोग करते हैं।
- **Decrease Indent/Increase Indent** इसकी मदद से पैराग्राफ को एक टैब की तरह इनक्रीस और डिक्रीज करने के लिए प्रयोग करते हैं  जोकि नार्मल टैब बटन दबाने से इनक्रीस होती है।
- **Spacing** सिलेक्ट किए हुए पैराग्राफ की स्पेसिंग को घटाने तथा बढ़ाने के लिए प्रयोग करते हैं।
- **Left Ctrl+L** पैराग्राफ को बाएं तरफ करने के लिए प्रयोग करते है।

- **Center Ctrl+E** पैराग्राफ को बिच में करने के लिए प्रयोग करते है।
- **Right Ctrl+R** पैराग्राफ को दाएं तरफ करने के लिए प्रयोग करते है।
- **Justify Ctrl+J** पैराग्राफ को बाएं और दाएं तरफ के मार्जिन के अनुसार दोनों तरफ से बराबर करने के लिए प्रयोग करते है।
- **Columns** इसके माध्यम से आप अपने पॉवरपॉइंट में कॉलम ऐड कर सकते है और अपने जरुरत के हिसाब से मैनेज कर सकते है।
- **Text Direction** इसके माध्यम से आप अपने टेक्स्ट बॉक्स के लिखने का डायरेक्शन ( दिशा ) बदल सकते है।
- **Align Text** इसके माध्यम से आप अपने टेक्स्ट बॉक्स में अलाइन लगा सकते है जिसमे टॉप, मिडिल और बॉटम सेट कर सकते है।
- **Convert to SmartArt Graphic** इस आप्शन के मदद से आप अपने टेक्स्ट बॉक्स को स्मार्ट आर्ट ग्राफ़िक में बदल सकते है।

**4 Drawing** इसके अन्दर आपको Shape, Arrange Quick Style आदि का आप्शन मिल जायेगा विस्तार पूर्वक निचे पढ़े-


- **Shapes** शेप की मदद से लाइन, बेसिक शेप्स, ब्लॉक ऐरो, फ्लोचार्ट, कॉल आउट, स्टार और बैनर इन्सर्ट करने के लिए प्रयोग करते हैं। इसके अलावा आप खुद से भी ड्रॉ कर सकते हैं और उसमें मनचाहा कलर भी फील कर सकते हैं।
- **Arrange** अरेंज ऑप्शन के अंतर्गत किसी भी शेप तथा पिक्चर को आर्डर, ग्रुप तथा पोजीशन सेट करने के लिए प्रयोग करते हैं।
- **Quick Style** इसके मध्यम से आप अपने टेक्स्ट बॉक्स, लाइन या किसी शेप पर अलग अलग कलर इफ़ेक्ट लगा सकते है, इसमें आपको ग्रेडिएंट कलर भी मिल जायेगा जो इसमें पहले से ही दिया जाता है।
- **Shape Fill** इसके मध्यम से आप अपने टेक्स्ट बॉक्स, या किसी शेप पर कलर फिल कर सकते है।
- **Shape Outline** इसके माध्यम से आप अपने ड्रा किये हुए शेप का आउटलाइन में अलग रंग भरने के लिए प्रयोग करते है साथ ही इससे सम्बंधित सेटिंग भी कर सकते है जैसे आउटलाइन मोटा, पतला करना, आउटलाइन किस प्रकार का हो आदि।
- **Shape Effect** इसके माध्यम से आप अपने किसी भी शेप या इमेज पर 3D इफ़ेक्ट, Reflection, ग्लो आदि का इफ़ेक्ट लगा सकते है। इसे प्रयोग करने से आपको और भी अच्छी तरह से समझ आएगा इसलिए आप प्रैक्टिकल पर इसे जरूर प्रयोग करें।

**5 Editing** के डायलॉग बॉक्स के अंदर आपको निचे दिया हुआ ऑप्शन मिलेगा।

www.RakeshMgs.in

- **Find** इसके मदद से किसी भी टेक्स्ट या पैराग्राफ को खोजने के लिए प्रयोग करते है।
- **Replace** खोजने के बाद कोई दूसरे वर्ड में बदलने के लिए प्रयोग करते है।
- **Select** सेलेक्ट के मदद से टेक्स्ट और ऑब्जेक्ट सेलेक्ट करने के लिए प्रयोग करते है।

## DESCRIPTION OF INSERT MENU




1. **Table** इसके माध्यम से पेज पर एक या एक से अधिक टेबल इन्सर्ट और ड्रॉ करने के लिए प्रयोग करते हैं।
2. **Illustrations इस डायलॉग बॉक्स के अंदर पांच विकल्प मिलेंगे जिनमें Picture, Clip Art, Shapes, और Smart Art मौजूद है जिसका प्रयोग निम्नलिखित है-**
   - **Picture** इसके माध्यम से अपने पॉवरपॉइंट में JPG, PNG, BMP इमेज इन्सर्ट करने के लिए प्रयोग करते है।
   - **Clip Art** यह भी पिक्चर ही होता है लेकिन यह आकार में छोटा होता है। जो पहले से कंपनी द्वारा दिया गया होता है। और यदि जब आप इन्टरनेट से कनेक्टेड हो तब किसी कंपनी का नाम इन्सर्ट करके सर्च भी कर सकते है।
   - **Photo Album** इस आप्शन की मदद से आप अपने पीपीटी में एक से अधिक इमेज को अलग अलग स्लाइड पर एक बार में ला सकते है।
   - **Shapes** शेप की मदद से लाइन, बेसिक शेप्स, ब्लॉक ऐरो, फ्लोचार्ट, कॉल आउट और बैनर इन्सर्ट करने के लिए प्रयोग करते हैं। इसके अलावा आप खुद से भी ड्रॉ कर सकते हैं और उसमें मनचाहा कलर भी फील कर सकते हैं।
   - **Smart Art** स्मार्ट आर्ट एक ऐसा शेप है जो Communication ( बातचीत ) को दर्शाने के लिए प्रयोग करते है इसमें आप ग्राफिकल लिस्ट और कोई प्रोसेस वाला शेप जैसे डायग्राम को इन्सर्ट कर सकते है इन्सर्ट करने के बाद इसमें कुछ भी वर्ड टाइप कर सकते हैं।
   - **Chart** इस आप्शन के माध्यम से पीपीटी में चार्ट इन्सर्ट करने के लिए प्रयोग करते है जो आपके डेटा को आसानी से समझने में मदद करता है इसमें आप कई प्रकार के चार्ट प्रयोग कर सकते है और मनचाहा डिजाईन दे सकते है।
3. **Links** इसमें 2 विकल्प होता है जो कि **Hyperlink** और **Action** है जिसका कार्य निम्नलिखित है-
   - **Hyperlink** इसके माध्यम से आप किसी टेक्स्ट या शेप में हाइपरलिंक यानि लिंक ऐड कर सकते है जिसपे क्लिक करके डिफ़ॉल्ट ब्राउज़र में ओपन कर सकते है।


**5. Text इस ग्रुप के अन्दर आपको 6 विकल्प मिलेंगे जो निम्नलिखित है -**

Rakesh Mgs RM www.RakeshMgs.in

1. **Text Box** इसके मदद से पेज पर स्टाइलेस टेक्स्ट बॉक्स लाने के लिए प्रयोग करते है। जैसे ही आप इसपर क्लीक करेंगे आपके माउस का कर्सर बदल जायेगा फिर आप जिस एंगल में ड्रा करना चाहते है कर सकते है, यह ऑप्शन आपको **Shapes** विकल्प में भी मिल जाएगा।
2. **Header & Footer** इसके अंदर आपको कई आप्शन मिलेंगे मुख्य आप्शन के बारे में निचे लिखा जा रहा है, जब आप इसपर क्लिक करते है तब एक design नाम का मेनू आ जायेगा जिसके अन्दर आपको बहुत सारे विकल्प मिलेंगे जो की आप एम एस वर्ड में पढ़े हुए है -
3. **Header & Footer** इसका प्रयोग हैडर में डॉक्यूमेंट का टाइटल, पाठ का नाम, या कुछ सन्देश आदि लिखने के लिए प्रयोग कर सकते है। यह पेज मार्जिन के अनुसार घटाया बढ़ाया जा सकता है।
4. **Word Art** इस आप्शन के मदद से स्टाइलिश टेक्स्ट लिखने के लिए प्रयोग करते है।
5. **Date & Time** इस आप्शन के मदद से आप अपने पीपीटी में करंट डेट और टाइम इन्सर्ट कर सकते है, यह कर्सर के अनुसार इन्सर्ट होता है यानि जहा आपका कर्सर ब्लिंक करता रहेगा वहीं पर इन्सर्ट हो जायेगा तथा आप अपने अनुसार स्टाइल भी सेलेक्ट कर सकते है।
6. **Slide Number** इसके माध्यम से आप अपने स्लाइड का नंबर इन्सर्ट कर सकते है यह भी आपके कर्सर के अनुसार ही इन्सर्ट होता है।
7. **Symbol** इसके माध्यम से आप अपने एक्सेल शीट में वो टेक्स्ट लिख सकते है जो कीबोर्ड में नहीं दिया हुआ है जैसे की कॉपीराइट सिग्न, पैराग्राफ सिग्न आदि।
8. **Object** इस आप्शन के माध्यम से आप अपने पीपीटी में किसी दुसरे सॉफ्टवेर के मदद से फाइल तैयार करके इन्सर्ट कर सकते है।

**6. Media Clips** इसके अन्दर दो आप्शन दिए गए है जिसके माध्यम से आप अपने पीपीटी में ऑडियो और विडियो इन्सर्ट कर सकते है।

## DESCRIPTION OF PAGE LAYOUT MENU




इस मेनू के अन्दर दिए गए आप्शन का काम है आपके पेज को अच्छा सा लुक देना विस्तार से जानिए-

1. **Page Setup** इस ग्रुप में दो आप्शन दिया गया है, पहला आप्शन के मदद से आप अपने पेज को सेट कर सकते है जैसे साइज़ देना किस मोड में पेज रहे जैसे लैंडस्केप या पोर्ट्रेट मोड, और दूसरा आप्शन से लैंडस्केप या पोर्ट्रेट मोड में करने के लिए प्रयोग करते है।
2. **Themes** इस ग्रुप के अन्दर आपको 4 आप्शन मिलेगा जिसका कार्य निम्नलिखित है-
   i. **Theme** इसके माध्यम से आप अपने पेज को आकर्षक बना सकते है इसमें पहले से पेज का डिजाईन दिया रहता है।
   ii. **Colors** इसके माध्यम से आप अपने इन्सर्ट किये हुए थीम्स का कलर बदल सकते है।
   iii. **Font** इसके माध्यम से आप इन्सर्ट किये हुए थीम्स का या किसी अन्य टेक्स्ट का फॉण्ट बदल सकते है।

iv. **Effects** इसके मदद से आपके पीपीटी में इन्सर्ट किये हुए शेप पर इफ़ेक्ट लगाने के लिए प्रयोग करते है।

3. **Background** इसके अन्दर दो आप्शन दिया गया है जो निम्मलिखित है-
   i. **Background Styles** इसके माध्यम से आप अपने पीपीटी की बैकग्राउंड में कौन-सी स्टाइल चाहिए वो सेट कर सकते है।
   ii. **Hide Background Graphics** इसके मदद पीपीटी में लगे बैकग्राउंड ग्राफ़िक को छिपा सकते है।

## DESCRIPTION OF ANIMATION MENU





इस मेनू के अन्दर एनीमेशन से सम्बंधित सारे आप्शन दिए गए है, इसमें सिर्फ 3 ग्रुप है जो क्रमशः **Preview, Animations** तथा **Transition to This Slide** है। जिसका कार्य निम्नलिखित है-

1. **Preview** इस आप्शन के माध्यम से आप अपने स्लाइड यानि प्रेजेंटेशन का प्रीव्यू देख सकते है।
2. **Animations** इसके माध्यम से आप अपने हर एक ऑब्जेक्ट, टेक्स्ट या किसी भी इमेज ग्राफ़िक्स में एक या एक से अधिक ट्रांजीशन लगा सकते है, इसके अन्दर आपको **Entrance, Emphasis, Exit** तथा **Motion Paths** जैसे एनीमेशन इफेक्ट्स देखने को मिलेंगे और जब तक आप अलग अलग एनीमेशन का प्रयोग नहीं करेंगे तब तक आपको एनीमेशन इफ़ेक्ट नहीं समझ आएगा।
3. **Transition to This Slide** इसके अन्दर आपके हर एक स्लाइड में अलग अलग एनीमेशन इफ़ेक्ट देने के लिए प्रयोग करते है, ध्यान रहे एक स्लाइड में कई शेप, टेक्स्ट या इमेज होते है जिन्हें एनिमेट करने के लिए कस्टम एनीमेशन का प्रयोग करते है लेकिन जब किसी स्लाइड पेज को एनीमेशन इफ़ेक्ट देना होता है तब  इस आप्शन का प्रयोग करते है।
   I. **Transition Sound** इस आप्शन के माध्यम से आप अपने स्लाइड के ट्रांजीशन के साथ साथ कोई साउंड इफ़ेक्ट भी लगा सकते है।
   II. **Transition Speed** इसके माध्यम से आप अपने स्लाइड की एनीमेशन Speed (गति) को कम या ज्यादा कर सकते है।
   III. **Apply To All** इस आप्शन के माध्यम से आप अपने स्लाइड की जो भी सेटिंग किये है उसे सभी स्लाइड पर अप्लाई करने के लिए प्रयोग करते है।
   IV. **On Mouse Click** इस आप्शन का काम है अपने स्लाइड को माउस के क्लिक के अनुसार स्लाइड एनीमेशन करना, जब आप स्लाइड प्रीव्यू करेंगे तब आपको हर एक ऑब्जेक्ट, इमेज की स्लाइड ट्रांजीशन देखने के लिए माउस से क्लिक करना पड़ेगा।
   V. **Automatically After** इसके माध्यम से आप अपने एनीमेशन इफेक्ट्स को ऑटो प्ले कर सकते है, लेकिन यदि **On Mouse Click** पर टिक लगा रहेगा तब आप क्लिक करके भी स्लाइड बदल सकते है, नहीं तो जितना टाइम आप सेट करेंगे उसके अनुसार आपका स्लाइड बदल जायेगा।

Rakesh Mgs
www.RakeshMgs.in


# DESCRIPTION OF SLIDE MENU




स्लाइड मेनू के अन्दर स्लाइड शो से सम्बंधित आप्शन मौजूद होते है जिनका ग्रुप क्रमशः Start Slide Show, Set Up, और Monitors जिसका कार्य निम्नलिखित है-

1. **Start Slide Show** इसके अन्दर दिए गए आप्शन के माध्यम से आप अपने स्लाइड शो का प्रीव्यू देख सकते है-
   I. **From Beginning** करने पर आपका स्लाइड शो एकदम स्टार्ट से चलेगा यानि स्लाइड नंबर 1 से।
   II. **From Current Slide** जब आप इस आप्शन पर क्लिक करते है तब आपका वही स्लाइड का प्रीव्यू दिखायेगा जिसपर आप अभी एक्टिव है यानि काम कर रहे है।
   III. **Custom Slide Show** इसके माध्यम से आप अपने अनुसार कस्टम स्लाइड का प्रीव्यू देख सकते है।
2. **Set Up** इसके आप्शन के अन्दर स्लाइड की एडवांस सेटिंग करने का आप्शन मिल जाता है-
   I. **Set Up Slide Show** इसका प्रयोग स्लाइड की एडवांस्ड सेटिंग करने के लिए होता है।
   II. **Hide Slide** इसके माध्यम से currentaly एक्टिव स्लाइड को छिपा सकते है।
   III. **Record Narration** इस आप्शन के माध्यम से आप अपने स्लाइड के लिए Narration रिकॉर्ड कर सकते है, लेकिन इसके लिए आपके कंप्यूटर में माइक्रोफोन होना अनिवार्य है।
   IV. **Rehearse Timing** इस आप्शन के माध्यम से आप स्लाइड शो को प्रीव्यू करके टाइम सेट कर सकते है जितना देर तक आप देखेंगे उतना देर का टाइमिंग सेट हो जायेगा।
   V. **Used Rehearsed Timings** टाइमिंग देखने के बाद उस टाइम को सेट करना है या नहीं इसके माध्यम से लगा सकते है यदि आपको वही टाइम चाहिए तो टिक लगा दे अन्यथा ना लगाये।
3. **Monitors** इस आप्शन का काम है कि आप अपना प्रीव्यू किस पर देखना चाहते है-
   **I.** **Resolution** इसके माध्यम से आप अपने स्लाइड का क्वालिटी सेट कर सकते है।
   **II.** **Show Presentation on** इसके माध्यम से आप अपने प्रोजेक्टर या किसी और मॉनिटर में देख सकते है।
   **III.** **Use Presenter View** इस आप्शन का प्रयोग उस समय किया जाता है जब आप किसी दुसरे मॉनिटर या डेस्कटॉप में प्रीव्यू देखना चाहते है।

# DESCRIPTION OF REVIEW MENU





रिव्यु मेनू के अन्दर आपको 3 ग्रुप मिलेगा जो क्रमशः Proofing, Comments, और Protect है जिसका कार्य निम्नलिखित है-

1. **Proofing** इस ग्रुप में text से सम्बंधित Commands होती है। महत्वपूर्ण Command इसमें Spelling & Grammar होती है। जिसके द्वारा किसी भी Word या Paragraph में लिखे हुए टेक्स्ट में होने वाली Spelling और Grammar त्रुटियों को देखने तथा सुधारने के लिए प्रयोग करते है। इसमें एक शब्द के समानार्थी तथा antonyms शब्दों को खोजने के लिए Thesaurus विकल्प का प्रयोग करते है। तथा Translate Command के द्वारा MS PowerPoint में मौजूद अलग-अलग भाषाओं में Document को Translate भी कर सकते है। सकते है जिस टेक्स्ट को ट्रांसलेट करना हो उस टेक्स्ट को सेलेक्ट करके ट्रांसलेट पर क्लिक करे तथा अपनी भाषा को सेलेक्ट करें जिस भाषा में आपको ट्रांसलेट करना है।
2. **Comments** जब किसी शब्द का मतलब लिखना या किस शब्द पर टिप्पड़ी करना हो तो कमेंट का प्रयोग करते है। इसी से सम्बंधित सभी विकल्प दिए गए है जिसके मदद से आप कमेंट की सेटिंग को मॉडिफाइड कर सकते है।
3. **Protect** इसके माध्यम से आप अपने स्लाइड शो को प्रोटेक्ट कर सकते है लेकिन इसका उसे ट्रायल वर्शन पर नहीं कर सकते है इसके लिए क्रेडेंशियल की जरुरत पड़ेगी।

www.RakeshMgs.in

## DESCRIPTION OF VIEW MENU




व्यू मेनू के अन्दर 6 ग्रुप मौजूद है जो क्रमशः Presentation Views, Show / Hide, Zoom, Color / Grayscale, Window और Macros है।

1. **Presentation View** इसके अन्दर सभी आप्शन आपके स्लाइड को अलग अलग देखने का आप्शन दिया गया होता जिन्हें आप प्रैक्टिकल करके समझ सकते है, तथा स्लाइड मास्टर का प्रयोग कर सकते है जिसमे एक स्लाइड के अन्दर सब स्लाइड ऐड कर सकते है।
2. **Show Hide** ज़ूम ग्रुप से पहले शो / हाईड विकल्प दिया गया है जिसके माध्यम से आप रूलर, ग्रिडलाइन तथा मेसेज बार को छिपा सकते है तथा ला सकते है।
3. **Zoom** इसके अन्दर दिए गए सभी आप्शन के माध्यम से आप अपने स्लाइड को ज़ूम करके देखने के लिए प्रयोग करते है।
4. **Color/Grayscale** इसके माध्यम से आप अपने स्लाइड को कलर या ब्लैक एंड वाइट में सेट कर सकते है।
5. **Window** इसके अन्दर दिए गए आप्शन का कार्य निम्नलिखित है-
   - **New Window** इसके माध्यम से आप करंट में खुले शीट को एक और विंडो में ओपन करने के लिए प्रयोग करते है जबकि दोनों विंडो एक जैसा रहेगा फिर खुले हुए विंडो में जो भी बदलाव करेंगे आपके ओरिजिनल विंडो में भी वह बदलवा देखें को मिलेगा।
   - **Arrange All** इसका प्रयोग उस समय किया जाता है जब दो या दो से अधिक एक्सेल वर्कबुक खुला हो और आप किसी दुसरे वर्कबुक में से कुछ देखकर टाइप कर रहे हो या कोई डाटा मिला रहे हो, जब आप इसपर क्लिक करेंगे तब छोटा सा डायलॉग बॉक्स ओपन होगा जिसमे आपको किस प्रकार का व्यू चाहिए जैसे Tiled, Horizontal, Vertical तथा Cascade अपने मुताबिक सेट कर सकते है, आप इसे एकबार जरुर ट्राई करिए ताकि ये अच्छे से समझ आ सके।
   - **Switch Workbook** इस आप्शन के माध्यम से खुले हुए 1 से अधिक वर्कबुक को स्विच के माध्यम से बदलने के लिए प्रयोग करते है जैसे आप स्विच पर क्लिक करेंगे उसमे आप्शन देखने को मिलेगा जो आपका वर्कबुक खुला हुआ उन सभी का टाइटल रहेगा उसपर क्लिक करने पर उसी वर्कबुक पर चले जायेंगे जिसपर आपने क्लिक किया है।
6. **Macros** यह एक VBS (Visual Basic Script) प्रोग्राम है जो पॉवर पॉइंट के अलावा एक्सेल एम एस वर्ड, फोटोशोप, कोरेलड्रा में भी दिया हुआ है। यह आप्शन बहुत ही बढ़िया है इसके माध्यम से

Rakesh Mgs www.RakeshMgs.in

आप किसी बड़े काम को कुछ सेकंड में ही कर सकते है, यह आपके गतिविधि को रिकॉर्ड करता है, तथा फिर जब आप अपना कार्य समाप्त करने के बाद इसे स्टॉप करते है तब यह सेव हो जाता है जिसे बाद में रन करके प्रयोग में लिया जा सकता है।

**Note इससे सम्बंधित सारे विकल्प आपको डेवलपर मेनू के अन्दर मिलेगा जो हाईड रहता है उसे चालु करने के लिए PowerPoint Options में पोपुलर के अन्दर Show Developer in the Ribbon पर टिक लगाकर चालू कर सकते है।**

www.RakeshMgs.in